my city
अमर उजाला
सूर्योदय सुबह 5.40
सूर्यास्त शाम 6.40
34.7°
temperature
26.6°
सोमवार | 19.08.2019
भाद्रपद कृष्ण पक्ष चतुर्थी, विक्रम संवत 2076
lucknow.amarujala.com
लखनऊ

lucknow.amarujala.com
Campus
सोमवार • 19.08.2019
my city अमर उजाला
5

ऊर्जा के परंपरागत स्रोतों पर खत्म हो निर्भरता

लखनऊ। 2030 तक भारत में बिजली उत्पादन के परंपरागत स्रोतों पर निर्भरता खत्म हो सकती है। ऐसा सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा और बायोगैस जैसे विकल्प से बनने वाली बिजली से होगा। ये विकल्प अक्षय ऊर्जा के रूप में उपलब्ध होंगे। यह जानकारी इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, रिवर बैंक कॉलोनी में आयोजित व्याख्यान में पर्यावरणविद् व टेक्नोक्रेट डॉ. भरतराज सिंह ने दी। प्रो. सिंह का कहना है कि भारत में नवीनीकरण ऊर्जा की अपार संभावना है। भारत सरकार ने 2020 तक नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग कर 175 गीगावाट अक्षय उर्जा राष्ट्रीय ग्रिड में भेजने की योजना बनाई है। इसमें से सौर उत्पादन से 100 गीगावाट, पवन ऊर्जा से 50 गीगावाट और मिनी-हाइड्रो व बायोमास गैस से 25 गीगावाट का उत्पादन होना है। की योजना बनाई है। व्याख्यान में अध्यक्ष आरके त्रिवेदी, पूर्व अध्यक्ष वीबी सिंह, सचिव प्रभात किरण चौरसिया मौजूद रहे।